# विधायक के चयन स्थान पर बनेगी आईटीआई

## शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में विकास करवाना मेरी पहली प्राथमिकता : विवेक



**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** वारासिवनी में आईटीआई निर्माण को लेकर विधायक विवेक विक्की पटेल और पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के बिच राजनीति में आईटीआई की खिचतानी दिखाई पड़ रही हैं। प्रदेश सरकार ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र को नई उपलब्धि हासिल हुई है, जहां शासकीय आईटीआई कॉलेज खुलने की मंजूरी मिल गई है। जिसको लेकर वारासिवनी में आईटीआई कॉलेज निर्माण के लिए भूमी चयन के लिए पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने एक दिवस पूर्व भूमी का चयन करने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया वहीं अब विधायक विक्की पटेल द्वारा अधिकारियों के साथ आईटीआई कॉलेज भवन के लिए अलग भूमी चयन के लिए निरीक्षण किया गया है। जिसके बाद वारासिवनी की जनता में भ्रम पैदा हो गया है कि आखिर आईटीआई कॉलेज बनेगा या फिर विवाद की भेट चढ़ जाएंगा।

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में जन सुविधा दिलाने व विकास कार्यों को स्वीकृत कराने के अभियान में सफलता मिलती जा रही हैं विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा किये जा रहें निरंतर प्रयासो के बाद आईटीआई की सौगात मिल गई हैं जिसके शासन द्वारा आईटीआई खुलने की जगह का चयन हेतु अधिकारियो का निर्देशित किया जिसके बाद अधिकारियो द्वारा जगह चयन हेतु विधायक विवेक विक्की पटेल से चर्चा कर जगह का निरिक्षण किया गया।

**मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मुलाकात कर आईटीआई खुलवाने शौपा था पत्र**-विधायक विवेक विक्की पटेल ने माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मुलाकात कर पत्र सौपकर वारासिवनी-खैरलाँजी में शासकीय आईटीआई खुलवाने की मांग की थीं जिसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा विधायक विवेक पटेल के पत्र को गंभीरता लेते हुए आईटीआई की स्वीकृति प्रदान की थीं जिसके बाद मुझे अधिकारियो द्वारा जगह निर्धारित के लिए चर्चा की थीं जिसके बाद मैंने क्षेत्र के काम पर बीजी था जिसके बाद मैंने सोमवार को अधिकारियो के साथ जगह का निरिक्षण किया गया।

**अभी शासन को नही भेजा गया कोई प्रस्ताव : मसराम**-प्रशिक्षण अधिकारी एस के मसराम ने बताया की विधायक विवेक विक्की पटेल के साथ शासन द्वारा स्वीकृत आईटीआई भूमि के ग्राम वाराटोला, मदनपुर,सिकंद्रा और चन्दोरी में शासन की खाली प?ी भूमि का निरिक्षण किया गया विधायक विवेक पटेल द्वारा जिस जगहों का चयन किया जायेगा उसे फाइनल करके शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा।

**जल्द ही जगह का फाइनल कर शासन को भेजा जायेगा प्रस्ताव-विवेक पटेल**-विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया की कुछ दिन पूर्व आईटीआई के अधिकारी मुझसे मिलने आये थे की आईटीआई के लिए जगहों का चयन करना हैँ क्षेत्र में व्यस्त रहने के कारण मैं उनके साथ नही गया था सोमवार को फिर वे आये मैं उसके साथ कुछ जगहों ग्राम वाराटोला,मदनपुर,सिकंद्रा और चंन्दोरी में शासन की खाली प?ी भूमि का निरिक्षण किया गया जल्द ही एक जगह फाइनल करके शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। इस दौरान तहसीलदार इमरान मंसूरी,प्रशिक्षण अधिकारी सीएल राहंगडाले, प्रशिक्षण अधिकारी एस के मसराम, प्रशिक्षण अधिकारी एस के रामटेके, पटवारी राकेश सोनी, पटवारी शांतनु दुबे, माया तुमसरे,ट्रेनिंग पटवारी कृतिका असाटी, निरंजन बिसेन, जीतू राजपूत,अनिल पिपरेवार, विवेक जुझार, राजा अली, चिंटू जैन,जगमोहन निराला,प्रमेन्द्र हे?ाऊ,रोनू बिसेन,गौव चापूकर मोजूद रहे।

# हीरा पावर कंपनी के प्रबंधक की मनमानी, कृषकों को कर रहे प्रताड़ित



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** बालाघाट जिले के हीरा पावर प्रा.लि. कंपनी जगनटोला उकवा के कर्मचारियों के द्वारा माइंस से लगे किसानों के खेत में फ़सल सुरक्षा व्यवस्था के तहत् जालीदार फेंसिंग को निकालकर कंपनी के कर्मचारियों ने कंपनी की होना बताकर जब्त की कार्यवाही की गई है, किसानों ने मैंगनीज खदान प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए उक्त मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक बालाघाट से की है। मांग कि है कि निष्पक्ष जांच की जाए। जानकारी अनुसार ग्राम नारंगी, सोनपुरी थाना रूपझर के किसानों ने शिकायत प्रस्तुत करते है हुए बताया कि दिनांक 04.09.2024 को दोपहर 1 बजे थाना प्रभारी नितिन पटले थाना रूपझर तथा हीरा पावर प्रा.लि. कंपनी जगनटोला माईन के प्रबंधक व सुपरवाईजर के द्वारा अपने कर्मचारियों के साथ नारंगी आकर कृषक रमेश मर्सकोले पिता घुड़न सिंह मर्सकोले, सुनिल उईके पिता दौलत सिंह उईके, तुलदीप मर्सकोले पिता घुडनसिंह मर्सकोले, फंदीलाल उईके पिता ढड्डूलाल उईके सभी गोंड जाति के हैं, उक्त किसान के ग्राम नारंगी के खेतो में लगे जालीदार फेंसिंग जो कि कृषको के द्वारा विगत 4-5 वर्ष पूर्व क्रय करके लगाया गया था। उसे चोरी का है कहकर सरपंच ग्राम पंचायत सोनपुरी व अध्यक्ष ग्राम समिति नारंगी को सूचना दिये बगैर मनमानी तरीके से कृषक फसल सुरक्षा के लिये लगाए गए जालीदार फेंसिंग को निकालने लगे थे। जिसे मना करने पर कृषक तथा कृषको के परिवार की महिलाओं के साथ अभद्र गाली-गलौच करते हुए निकाला गया। जब गाँव के अधिकांश लोग मौके पर पहुंचकर सभी लोगो ने कहा कि यह फेंसिंग 4-5 साल पूर्व इनके द्वारा लगाया गया है और आप लोग कैसे निकाल रहे हो। इस तरह लोगो के कहने पर थाना प्रभारी रूपझर एवं कंपनी के अधिकारी कर्मचारी फेंसिंग को रोड के किनारे छोड़कर चले गये है।उन्होंने बताया कि यह कि ग्राम नारंगी ग्राम पंचायत सोनपुरी भारतीय संविधान के पाँचवी अनुसूची के तहत अधिसूचित क्षेत्र घोषित होकर पेशा एक्ट 1996 नियम लागू है जिसके तहत किसी भी विवादित लेनदेन व अन्य मामले जघन्य अपराधो को छोड़कर ग्राम सभा सर्वोपरि होता है किंतु थाना प्रभारी के द्वारा अध्यक्ष ग्राम सभा सरपंच ग्राम पंचायत को सूचना दिये बगैर द्वेषपूर्ण भावना रखते हुए हम कृषकों को प्रताड़ति करने के नियत से कृषको के खेत पर लगे फेसिंग को निकाला है जो न्यायोचित नही है। उन्होंने आगे बताया कि यह कि थाना प्रभारी थाना रूपझर एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी होते हुए कंपनी प्रबंधक के साथ सांठगांठ कर बेगुनाह कृषकों को चोरी का आरोप लगाकर हमारे आदिवासी कृषको के साथ भेदभाव पूर्ण कार्यवाही कर अपने पदीय कर्त्तव्यों का दुरूपयोग किया है तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा पेशा नियम लागू किया गया है जिसका थाना प्रभारी रूपझर द्वारा उल्लंघन किया गया है। इस कृत्य के विरूद्ध थाना प्रभारी रूपझर को उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जावे तथा हीरा पावर प्रा.लि. कंपनी जगनटोला (उकवा) के प्रबंधक व सुपरवाईजर के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने की मांग की जाती है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक बालाघाट को ज्ञापन सौंपा गया है।

# ठेमा में 14 को रामचरित मानस सम्मेलन

**परसवाडा (स्वतंत्र मत)।**

तहसील परसवाडा अन्तर्गत आने वाले वनांचल ग्राम ठेमा मे सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति ठेमा के तत्वावधान मे 14 सितम्बर को रामचरित मानस मण्डली सम्मेलन का आयोजन किया गया है !

समिति द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई है ! इस रामचरित मानस सम्मेलन मे भाग लेने हेतू क्षेत्रीय महिला व पुरुष दोनो तरह की मंडलीयो को आमंत्रित करते हुये अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील समिति द्वारा की गई है !

सम्मेलन मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नकद व अन्य विजेताओ के लिये सांत्वना पुरस्कार की घोषणा समिति के द्वारा की गई है !ठेमा में मानस सम्मेलन को लेकर जोर सोर से तैयारी की जा रही, साथ ही क्षेत्रवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील की गई है।

# उप चुनाव को लेकर सियासत गरमाई, पिंका ने की बगावत

**खमरिया(स्वतंत्र मत)।** बालाघाट जिले में उपचुनाव को लेकर सियासत गर्मागई गई है। एक ओर भाजपा नेता गुरमीत पिंका जुनेजा ने भाजपा से बगावत कर निर्दलीय चुनाव में मैदान में हैं और उनका साथ नपा सभापति मानक बर्वे साथ दे रहे हैं, जिसको लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने गुरमीत पिंका जुनेजा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है वहीं मानक बर्वे को नोटिस भेजा गया हैं। नगरपालिका परिषद बालाघाट के वार्ड नंबर 22 से सांसद भारती पारधी ने स्टीफा दिया है और फिर रिक्त हुये पार्षद को लेकर उपचुनाव होना हैं, अब आमने सामने की जंग शुरू हो गई है। प्रत्याशियो द्वारा प्रचार प्रसार जोरो पर चल रहा हैं।

# सुकरी पंचायत के ग्राम अटामा में आवास योजना से ग्रामीण वंचित



**सिवनी (स्वतंत्र मत)छपारा**-जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकरी घूघसा मे आवास योजना का लाभ से ग्रामीण वंचित है इस पंचायत में सड़क नाली का अभाव है लगभग 9 सो के आसपास जनसंख्या वाला इस गांव में एक भी नाली का निर्माण नहीं हुआ है पूर्व में इक्का दुक्का कंक्रीट सड़क का निर्माण किया गया था जो क्षतिग्रस्त हो गई है विकास के नाम से इस गांव में लगभग 90 लाख रुपए के 6 स्टाफ डेम और एक करोड रुपए का ग्रामीण यांत्रिकी की सेवा संभाग सिवनी के द्वारा एक तालाब का निर्माण कार्य किया गया है जहा बरसात के दिनों में तक पानी नहीं रहता लगभग दो करोड रुपए के इन फर्जी घटिया निर्माण कार्य में गांव के लोगों का किसी भी तरह का उपयोग नहीं है बेमतलब शासन का पैसा बर्बाद किया गया है गांव में मोक्ष धाम जाने वाली सड़क सर्जनिक तालाब जाने वाली सड़क नहीं है। चार पीढ़ी से लकड़ी से पटा हुआ पुराना कुएं से ग्रामीण पेयजल आपूर्ति करते हैं वहां तक जाने के लिए भी सड़क नहीं नाली के अभाव के कारण बरसात का पानी ग्रामीणों के घरों में घुस जाता है पुराने टूटे-फूटे घरो में रहकर लोग जीवन यापन कर रहे है। इस पंचायत की महिला सरपंच है जहां ग्राम सभा में कभी नहीं आती और ग्रामीणों ने कई बार ग्राम सभा में गांव की समस्या लिखवाया परंतु इस ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक और सचिव की निष्क्रियता से आज तक ग्रामीणों को आवास का लाभ मिला ना सड़क बनाई गई ना नाली बनाई गई इतना ही नहीं गांव में लगभग 35 एकड़ जमीन शासकीय मंद की खाली पड़ी जहां खेल ग्राउंड के लिए समतलीकरण कर कागजों में बना दिया गया स्थल पर ग्राउंड दिखाई नहीं देता सुकरी पंचायत के ग्राम अटामा में बरसों पुराना एक सार्वजनिक तालाब है जहां सारे गांव के लोग स्नान करते हैं पर घाट नहीं बनाया गया शौचालय आवास सड़क नाली का अभाव के साथ-साथ पर्याप्त पेयजल की समस्या है पूर्व में एक कूप निर्माण कार्य कराया गया था जिसे गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया गांव की आंगनवाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति नहीं हुई है 7 माह से आंगनबाड़ी बंद है । पहली से पांचवी क्लास तक प्राथमिक स्कूल है जर्जर भवन में स्कूल लगाया जाता है जिसमें दो शिक्षक हैं जिसमें प्रधान पाठक सप्ताह में एक बार स्कूल आता है स्कूल की स्थिति देखकर ऐसा लगता नहीं कि यहां छात्राएं अध्यनरत हैं आसपास गंदगी का आलम है यहां के छत से पानी टपकता है शौचालय में गंदगी का ढेर है स्कूल में बाउंड्री वॉल नहीं है ग्रामीण लोग स्कूल के आसपास मवेशी बांधते हैं ।इन समस्याओं से त्रस्त ग्रामीणों ने सिवनी विधानसभा के विधायक से भी अवगत कराया परंतु विधायक महोदय के द्वारा तीन पंच वर्षी में एक-एक लाख रुपए के तीन सभा मंच ग्राम वासियों को दिया जो पर्याप्त नहीं है ग्रामीणों का कहना है पूरे गांव में जहां सड़क नाली नहीं है वहां समय रहते सड़क नाली का निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं को ग्राम पंचायत से हटकर अन्य स्थान पर स्थानांतरण किया जाना चाहिए जिन लोगों के आवास के आवेदन वर्षों से धूल खा रहे हैं उनके आवास बनना चाहिए ग्रामीणों का कहना है कि गांव में धन कमाने की लालच पर अधिकारी और ठेकेदार मिलकर करोड़ों रुपए के फर्जी काम करवाते हैं जिसका उपयोग गांव के लोग नहीं करते ऐसे फर्जी काम ना करा कर उक्त राशि से गांव का विकास किया जाना चाहिए ग्रामीण ने बताया है कि समय रहते हमारी मांगे नहीं मानी गई तो आने वाले समय में पूरा गांव नोटा में अपना मत देंगे ।

# राजकुमार खुराना महाराष्ट्र के प्रभारी बनाए गए

**सिवनी (स्वतंत्र मत)।**



अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख?गे के निर्देश पर अ.भा.रा. कॉंग्रेस के महासचिव केसी वेणु गोपाल द्वारा पत्र जारी कर उक्ताशय की सूचना दी जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना को महाराष्ट्र में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रामटेक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली सभी विधानसभा कामठी, उमरेट, हिंगणा, सावनेर, काटोल, रामटेक के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है ।जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील ने जारी विज्ञप्ति में बताया 10 सितम्बर 2024 को श्री खुराना, दिल्ली में होने वाले अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस कमेटी की लोकसभा पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे ।खुराना जी को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक नियुक्त होने पर जिले के समस्त कॉंग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

## ज्ञाता सिंघई को संस्कृति समूह राजस्थान ने सम्मानित किया



**सिवनी (स्वतंत्र मत)**नगर व जैन समाज के प्रतिष्ठित विद्वान सुबोध सिंघई के पुत्र ज्ञाता सिंघई को उनके साहित्य रचना और काव्य कौशल को देखते हुए अथाई साहित्य एवं संस्कृति समूह राजिस्थान ने अथाई साहित्य श्री से जयपुर में सम्मानित किया है ।युवा विद्वानज्ञाता सिंघई विगत 14-15 वर्षों से स्थानीय स्तर पर एवं देश के विभिन्न स्थानों में जैन व जैनेतर बच्चों व ब?ों को नि:स्वार्थ भाव से धार्मिक व नैतिक संस्कार की कक्षाओं का लाभ देते हैं।

# जैतपुर कलां में इनामी दंगल 11 सितंबर को आयोजित

**सिवनी (स्वतंत्र मत)**

केवलारी के समीपस्थ ग्राम जैतपुर कलां में ईनामी दंगल का आयोजन बुधवार 11 सितंबर को किया जा रहा है ।प्रेस नोट द्वारा आयोजन समिति के बसंत बघेल ने बताया कि प्रति वर्ष राधाष्टमी पर जैतपुर कलां में दंगल का आयोजन किया जाता है। भारतीय मल्ल विद्या को परंपरागत तरीके से कायम रखने के साथ ही युवा पीढ़ी को इस विधा से जोड़े रखना मुल उद्देश्य को लेकर आयोजित होने बाले इस इनामी दगंल मे प्रथम पुरुस्कार 15001 रूपये शील्ड, द्वितीय पुरुस्कार 7501रूपये शील्ड एवं तृतीय पुरूस्कार 3501 रूपये शील्ड साथ ही मेडल प्रदान किए जायेंगे ।दंगल समिति आयोजकों ने कुश्ती प्रेमियों एवं पहलवानों से दंगल में सहभागिता निभाने की अपील की है। आवश्यक जानकारी के लिये बसंत बघेल के मोबाइल नंबर 8349777395 से संपर्क किया जा सकता है ।

## प्राची झारिया ने नीट मे 497 स्कोर प्राप्त कर उज्जवल भविष्य का सपना साकार किया



**सिवनी (स्वतंत्र मत)**केवलारी मिश्री लाल झारिया की सुपुत्री प्राची झारिया ने नीट परीक्षा मे 497 स्कोर प्राप्त कर सफलता प्राप्त किया ।राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा भारत में एक मेडिकल प्रवेश परीक्षा है। यह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ष्टक्चस्श्व) द्वारा संचालित एक अखिल भारतीय परीक्षा है। यह परीक्षा उन छात्रों द्वारा ली जाती है जो भारत में सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेजों में किसी भी स्नातक या स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रम का अध्ययन करना चाहते हैं। प्राची? झारिया पिता जी मिश्रीलाल झारिया (शिक्षक) केवलारी नेनीट मे स्कोर 497 प्राप्त कर छिंदवाड़ा इंसटीट्यूट आफ मेडिकल साइंस छिंदवाड़ा मे चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र मे सफलता प्राप्त किया है ।उनकी सफलता के लिये ओर उज्जवल भविष्य -की कामना करते है ।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री के निज निवास पहुंचकर शोक संवेदना किया व्यक्त



**सिवनी (स्वतंत्र मत)।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के निज निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के उज्जैन स्थित निज निवास पहुंचकर उनके स्वर्गीय पिता पूनमचंद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित किया। तथा बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों मे स्थान देने और परिजनों को इस दुख की घड़ी मे संबल प्रदान करने प्रार्थना किया।

इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने डा. मोहन यादव से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

# 16 को मनाई जाएगी ईद मिलादुन्नबी

**सिवनी (स्वतंत्र मत)**



आल इंडिया सुन्नी हनफी सूफी बरेलवी मुस्लिम त्योहार कमेटी सिवनी सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा बताया गया कि उर्दू तिथि इस्लामी साल के तीसरे माह रबीउल अव्वल शरीफ़ का चांद 29 सा नज़र आ गया है और जिसकी शरई तस्दीक उलमा ए अहले सुन्नत व जमात द्वारा की जा चुकी है और देश प्रदेश सहित सिवनी जिले में ईद मिलादुन्नबी वर्ल्ड पीस डे पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम के जन्मदिन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है सिवनी जिला सहित शहरी क्षेत्र में भी 16 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी मनाया जाएगा जिसमें पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहो अलैय वसल्लम के जन्मदिन पर उर्दू तिथि 12 तारीख को पैदल जूलूस ईदगाह मस्जिद बुधवारी बजार से सुबह 9/30 बजे परंपरागत रूप से निकाला जाएगा और उर्दू स्कूल ग्राउंड में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा दोपहर 2 बजे तक 16 सितम्बर दिन सोमवार को इसी प्रकार समस्त ब्लाक गांव में छपारा बरघाट खवासा लखनादौन धनौरा सुनवारा पलारी केवलारी घंसौर धूमा बंजारी आदेगाव भोमा सहित जिला सिवनी में जुलूस रैली जलसे तकरीर का आयोजन किया जाता है ।यह पर्व पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम का जन्मदिन के रुप में मनाया जाएगा जिसका नेतृत्व अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी बरेलवी मुस्लिम धर्म गुरु हाजी हजरात करेंगे । सुन्नी मुस्लिम त्योहार कमेटी रज़ा एकेडमी लब्बैक यूथ फोर्स सूफी समाजिक संगठनों द्वारा एक अपील की गई है कि ईद मिलाद-उन-नबी पर्व समस्त सुन्नी मुस्लिम समाज शांति पूर्वक ईद मिलादुन्नबी मनाए जाने की अपील की गई है। इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम के जन्मदिन पर विशेष रूप से मनाया जाने वाला त्यौहार ईद मिलादुन्नबी वर्ल्ड पीस डे कहलाता है,आज़ से 1446 हिजरी पहले सऊदी अरब के मक्का शहर में आपकी पैदाइश जन्मदिन सुबह सादिक के समय हुई ।

आपके पिता अब्दुल्लाह और माता मां का नाम हज़रत आमना था आप की परवरिश आपके दादा अब्दुल मुत्तालिब ने की आप की पैदाइश होने से पहले ही आपके वालिद पिता का साया आपके सर से उठ गया था आप यतीम हो गए थे।

आप की परवरिश आपकी अम्मी हज़रत आमना रजी अल्लाहों अनहू ने की और आप के दादा अब्दुल मुत्तालिब ने की आप हज़रत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम अपने वक्त के अमीन सादिक मोहसिन कहलाते थे आप इंसाफ करने वाले आप अमानतदार थें लोग आपके पास अपनी अमानत रखा कर जाते थे आपने पुरे अरब जगत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ औरतों ख़ूवातीन को दुनिया में सबसे पहले उनके हक में आवाज उठाई और बेटी औरतों को उनका हक दिलाया आप हमेशा मजलूम कमजोर व्यक्ती का साथ देते और ज़ालिम से मुकाबला करते, आप सल्लाहो अलैय वसल्लम ने दुनिया को उस दौर में होने वाली जंगो के लिए कानून नियम बनाए जो आज़ भी सारी दुनिया की आर्मी उसे लागू करतीं हैं आपने हरे पेड़ पौधों को काटने से मना फ़रमाया आपने कमजोर और निहत्थे लोगों पर हमला करने से सख्त मना किया बेवाओ को समाज में सम्मान दिया। पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम की पुरी जिंदगी इस दौरे हाजिर के लिए पैरेक्टिकल नमुना ए जिंदगी है इस्लाम धर्म इंसानियत मोहब्बत भाई चारा एकता अखंडता अमनों शांति का संदेश देता है।

16 सितम्बर 2024 को मनाया जाने वाला पर्व ईद मिलादुन्नबी वर्ल्ड पीस डे पर जिला कलेक्टर महोदय एवं जिला पुलिस अधीक्षक महोदय से सुन्नी मुस्लिम समुदाय की अपील है कि जिले भर में एवं शहरी क्षेत्र में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मस्जिदों दरगाह खानकाह मजारों पर साफ-सफाई बिजली पानी व्यवस्था नगरपालिका द्वारा एवं सड़कों मार्ग मरम्मत दुरुस्त किया जाए एवं जुलूस मार्ग पर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था बनाए एवं जिला भर में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए जाने की मांग की गई है। पप्पू उस्मानी शहजाद रज़ा समीर कुरैशी फईम रज़ा मौलाना अब्दुल वाहिद मंजूर रज़ा क़ादरी हाफ़ज़ि गुलाम गौस साहब द्वारा की गई है।